# शिक्षा में क्रांति : 57 केंद्रीय विद्यालय स्वीकृत

## नवरात्रि पर प्रधानमंत्री मोदी सरकार की बड़ी सौगात

- केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने दी जानकारी
- 5,862 करोड़ से खुलेंगे नए केंद्रीय विद्यालय



**नई दिल्ली, 01 अक्टूबर. नवरात्रि के पावन अवसर पर मोदी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाते हुए देशभर में 57 नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना को मंजूरी दी है. केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने यह जानकारी 'एक्स' पर साझा करते हुए इसे 'विकसित भारत' की ओर एक निर्णायक कदम बताया है.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने नवरात्रि के शुभ अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 57 नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना को हरी झंडी दे दी है. इस फैसले की जानकारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा की. उन्होंने इसे बच्चों के भविष्य को सशक्त बनाने और 'विकसित भारत' की निर्माण यात्रा को गति देने की दिशा में एक ठोस प्रयास बताया. शाह ने लिखा, मोदी सरकार ने इस नवरात्रि हर आयु-वर्ग को एक के बाद एक सौगातें दी हैं.

देश के बच्चों को अत्याधुनिक शिक्षा से सम्पन्न बनाकर 'विकसित भारत' की निर्माण यात्रा को गति देने के लिए आज केन्द्रीय कैबिनेट ने 57 नए केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना को मंजूरी दी है. इन विद्यालयों की स्थापना देशभर के विभिन्न क्षेत्रों में की जाएगी और इसके लिए कुल 5,862.55 करोड़ की लागत का अनुमान है.

अमित शाह ने बताया कि ये स्कूल न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेंगे, बल्कि 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' के तहत निर्धारित आधुनिक सुविधाओं और मूल्यों का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन भी सुनिश्चित करेंगे. इन विद्यालयों के माध्यम से ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के बच्चों को भी बेहतर शैक्षिक अवसर मिल सकेंगे. सरकार का उद्देश्य शिक्षा को समावेशी और तकनीक-संवलित बनाकर देश के भविष्य को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है. विशेषज्ञों का मानना है कि यह निर्णय भारत के शिक्षा ढांचे में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होगा, जिससे आने वाले वर्षों में देश के मानव संसाधन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार देखा जा सकेगा.

### 5900 करोड़ रुपये का खर्च होंगे

केन्द्रीय कर्मियों के बच्चों की शिक्षा के लिए स्कूलों की बढ़ती जरुरत के मद्देनजर मंत्रिमंडल ने देशभर में 57 नए केंद्रीय विद्यालय (केवी) खोलने का फैसला किया है जिसमें करीब 5900 करोड़ रुपये का खर्च होगा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति के फैसले की जानकारी देते हुए सूचना प्रसारण मंत्री अश्वनी वैशणव ने बताया कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए देश भर में 57 नए केंद्रीय विद्यालय (केवी) खोलने को मंजूरी दी गयी है. उन्होंने बताया कि इन विद्यालयों की स्थापना के लिए 2026-27 से नौ वर्षों की अवधि में कुल अनुमानित 5862.55 करोड़ रुपये व्यय किये जायेंगे. इसमें 2585.52 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय होगी और 3277.03 करोड़ रुपये का परिचालन होगा. उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने रक्षा और अर्धसैनिक बलों सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय और अस्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूरे देश में एक समान मानक की शैक्षिक सुविधाएँ प्रदान करने हेतु नवंबर 1962 में केंद्रीय विद्यालय योजना को मंजूरी दी थी.

## 200 भाकपा कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

**दंतेवाड़ा.** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में कटेकल्याण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में बुधवार को एक ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहाँ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाजपा) के 200 कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की.

कांग्रेस की नीतियों, विचारधारा एवं जनहितैषी कार्यों से प्रभावित होकर इन कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से कांग्रेस परिवार में शामिल होने का निर्णय लिया. इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं ने सभी नए कार्यकर्ताओं को कांग्रेस का गमछा पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही वह पार्टी है जो आदिवासियों, किसानों, युवाओं और मजदूरों की असली आवाज बनकर काम करती है. नए सदस्यों ने विश्वास जताया कि कांग्रेस में जुड़कर वे क्षेत्र के विकास, जनता की समस्याओं के समाधान और सामाजिक न्याय की लड़ाई को और मजबूती देंगे. कांग्रेस नेताओं ने इस सामूहिक प्रवेश को पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता और जनता के बीच बढ़ते भरोसे का प्रमाण बताया. इस कार्यक्रम में आदिवासी जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोपा कुंजाम, जिला महामंत्री भीमसेन मण्डावी, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल सहित गोविंद मरकाम, शंकर कुंजाम, लालु मरकाम, आयतु कुडामी, सुखराम, रितिक, सोनाराम, मंगल सोरी, बजरंग ठाकुर, राजू करटाम, कौतुक भानु हिकमी और प्रदीप भी उपस्थित रहे.



## योगी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी
### सिख समाज ने दिया धरना

**लखनऊ 1 अक्टूबर. महाराष्ट्र के मौलाना द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ पर की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ बुधवार को प्रदेश के 45 जिलों से आये सिख समाज के प्रतिनिधियों ने लखनऊ में धरना देकर विरोध दर्ज कराया.**

इस दौरान लखनऊ की पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया भी साथ मे थी. परिवर्तन चौक पर धरना दे रहे सिख समाज ने मौलाना के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा. गुरू गोविन्द सिंह सेवा समिति उप्र के महामंत्री सरदार परवीन्दर सिंह एडवोकेट ने कहा की सिख समाज सभी धर्मो का सम्मान करता है एवं राष्ट्र के प्रति सदैव समर्पित रहता है. महाराष्ट्र के मौलाना के द्वारा जिस प्रकार से मुख्यमंत्री के विषय में निष्कृष्ट शब्दों का उपयोग किया गया है, वह अत्यन्त निन्दनीय है व असहनीय है.

उन्होंने कहा कि उप्र का सिख समाज एकत्र होकर आज यहां यह संदेश देना चाहता है कि मुख्यमंत्री जो कि सिख गुरूओ के प्रति गहरी श्रद्धा एवं आस्था रखते है एवं संत प्रवृत्ति के है.

> ऐसे कर्म योगी के विषय में कोई भी अनैतिक कार्य सिख समाज बर्दाशत नही करेगा एवं स्वयं ढाल बनकर खड़ा होगा. कानपुर से आये हुए उत्तर प्रदेश सिख फाउण्डेशन के अध्यक्ष अजीत सिंह छाबड़ा एवं सरदार खीन्दर सिंह रिन्कू तथा गुरुविन्दर वासू एवं राजेन्द्र सिंह नीटा ने मुख्यमंत्री के द्वारा सिख समाज के लिये किये गये कार्यों के विषय में विस्तार से बताया. बहराइच गुरुद्वारा प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष मनदीप सिंह वालिया ने मुख्यमंत्री को सनातन धर्म रक्षक बताया एवं उनके लिये सदैव खड़े रहने की बात कही.

## तीन देशों ने हमास से ट्रम्प की गाजा योजना स्वीकार करने का किया आग्रह

**मॉस्को.** कतर, मिस्र और तुर्की ने हमास से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की गाजा योजना को स्वीकार करने का आग्रह किया है. सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है. ट्रम्प ने गाजा संघर्ष को हल करने के लिए 20-सूत्रीय योजना का प्रस्ताव सामने रखा.



## सेना प्रमुख पहुंचे भुज वायुसेना स्टेशन

- ऑपरेशनल तैयारियों की ली जानकारी

**नई दिल्ली 01 अक्टूबर. देश के थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को भुज वायुसेना स्टेशन का दौरा किया. इस दौरान उन्हें क्षेत्र में भारतीय थलसेना और भारतीय वायुसेना के बीच ऑपरेशनल तैयारी तथा आपसी सहयोग और तालमेल की जानकारी दी गई.**

दरअसल, थलसेना और वायुसेना के बीच बेहतर संयुक्तता और समन्वय सीमावर्ती इलाकों की सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है. सेनाध्यक्ष ने यहां तैनात सैन्य कर्मियों को उनके कार्य के लिए धन्यवाद देते हुए राष्ट्र सेवा के प्रति उनके अटूट संकल्प और जज्बे की सराहना की. इस दौरे के दौरान जनरल द्विवेदी ने वायुसेना के अधिकारियों से भेंट की और उनके पेशेवराना अंदाज, समर्पण तथा साझा संचालन भावना की सराहना की.

उन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा और राष्ट्र निर्माण में निस्वार्थ सेवा के लिए वायुसेना कर्मियों के योगदान को अनुकरणीय बताया.

## एक नजर में


### मुर्मु ने विजयादशमी पर देशवासियों को दीं शुभकामनाएं

नयी दिल्ली. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विजयादशमी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं. राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा है, विजयादशमी के पावन अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देती हूँ. अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयादशमी का पर्व हमें सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है. देश के विभिन्न भागों में रावण दहन और दुर्गा पूजा के रूप में मनाया जाने वाला यह पर्व हमारे राष्ट्रीय मूल्यों को दर्शाता है. यह पर्व हमें क्रोध और अहंकार जैसी नकारात्मक प्रवृत्तियों का त्याग करके साहस और दृढ़ संकल्प जैसी सकारात्मक प्रवृत्तियों को अपनाने की शिक्षा भी देता है. उन्होंने कहा, मेरी कामना है कि यह पर्व हमें एक ऐसे समाज और देश के निर्माण के लिए प्रेरित करे जहाँ सभी लोग न्याय, समानता और सद्भाव के विचारों से प्रेरित होकर एक साथ आगे बढ़ें.



### गांधी जयंती पर रालोद निकालेगी एकता यात्रा

**लखनऊ.** पंचायत चुनाव की तैयारियों में जुटे राष्ट्रीय लोकदल पार्टी ने संगठन के विस्तार को लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती से लेकर 31 अक्टूबर को सरदार पटेल जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस तक राष्ट्रीय लोक दल ने संपूर्ण देश में एकता यात्रा निकालने का निर्णय लिया है. इस देशव्यापी एकता यात्रा में किसानों, दलितों, युवाओं, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों को जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा. रालोद के वरिष्ठ नेता एवं राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने बताया कि रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान में केंद्रीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जयंत चौधरी के इस बाबत संकल्प का प्रकटीकरण यह देशव्यापी एकता यात्रा होगी. जिसमें जिला व मंडल स्तर पर विविध सम्मेलन तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी की सभाएं आयोजित की जाएंगी. उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष 3 अक्टूबर को तेलंगाना, 5 को राजस्थान, 6 को भुवनेश्वर , 12 को यूपी के अमरोहा व 31 अक्टूबर को बस्ती में पटेल जयंती पर कार्यक्रम को संबोधित करेंगे. राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने सभी पार्टी पदाधिकारियों का इस देशव्यापी यात्रा में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए आह्वान किया है. उन्होंने बताया कि इस यात्रा के दौरान आम जनमानस को पार्टी की विचारधारा एवं जनहितकारी नीतियों की जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा.



### ड्रग : तीन तस्करों को 15 साल की कठोर सजा

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नशे के खिलाफ सख़्त रुख अपनाते हुए एनडीपीएस की विशेष अदालत ने तीन ड्रग तस्करों को 15-15 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है. साथ ही अदालत ने प्रत्येक पर डेढ़ लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है. सजा पाए आरोपियों में भोपाल निवासी सिद्धार्थ जैन, शिवम तिवारी और रायपुर निवासी आदित्य लोखंडे शामिल हैं. तीनों को कुछ समय पहले शहर के एक होटल में बड़ी मात्रा में चरस के साथ पुलिस ने दबोचा था. घटना के बाद सिविल लाइन थाना पुलिस ने उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था. विशेष न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा की अदालत ने बुधवार को इस प्रकरण में फैसला सुनाते हुए साफ किया कि नशे के कारोबार को किसी भी स्तर पर बख्शा नहीं जाएगा. अदालत ने कहा कि ऐसे अपराध समाज की जड़ों को खोखला करते हैं, इसलिए कड़ी सजा ही एकमात्र उपाय है.

### योगी जी और उत्तर प्रदेश प्रशासन मुझे बचाएं

**झांसी.** माफिया अतीक अहमद के बेटे अली अहमद को बुधवार को प्रयागराज की नैनी जेल से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच झांसी जिला जेल में लाया गया. इस दौरान सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किये गये थे और वैन में उसकी निगरानी के लिये पांच से छह पुलिसकर्मी मौजूद थे. जब अली अहमद को वैन से जेल के भीतर ले जाने के लिए निकाला जाने लगा तो वह उत्तर प्रदेश प्रशासन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपनी हिफाजत की अपील करता हुआ नजर आया. अली ने कहा गाड़ी में पांच से छह लोग मेरे साथ थे. वहां से वैन में यहां लाया गया है और पानी भी नहीं पी पाया हूं. उत्तर प्रदेश प्रशासन और मुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि जो लोग मुझे सता रहे हैं.

